दिनांक: 02.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में सहकार सदस्यता अभियान की शुरूआत– मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –इसका उद्देश्य सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करना है।
- राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण बताया और 'स्वदेशी' अपनाने पर जोर दिया ।
- बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा आज देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

.........................

प्रदेशभर में आज से सहकार सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के कॉन्स्टीट्यूटशन क्लब से इस अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि सहकारिता से समृद्धि केवल नारा नहीं है सहकारिता किसान की सृमद्धि का एक रास्ता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से राजस्थान का गांव–गांव और जन–जन सशक्त हो रहा है।

.........................

15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य सहकारी क्षेत्रों को मजबूत बनाना और सहकार से सृमद्धि के विजन को साकार करना है। इस अभियान के तहत राज्य में 8 हजार 200 से अधिक पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किये जायेंगे, जिनमें मुख्य रूप से पांच प्रकार की गतिविधियां होंगी। इस दौरान महिलाओं और युवाओं को सहकारी समितियों से जोड़ने पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। जिलों के प्रभारी अधिकारियों को इस अभियान की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उधर बारां और सवाईमाधोपुर जिले में सहकार सदस्यता अभियान के तहत आज विभिन्न शाखाओं की समितियों में शिविरों का आयोजन किया गया।

.........................

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। नई दिल्ली में राजघाट पर बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सुबह महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं संसद के केन्द्रीय कक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और पीयूष गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महापुरूषों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सचिवालय पंहुचकर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और सर्व धर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भी मौजूद रहे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। सिरोही में सर्वधर्म प्रार्थना सभा और श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। हनुमानगढ के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी पार्क में जुटे लोगों ने गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

...........................

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएसटी बचत उत्सव के तहत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान को प्रोत्साहित करने की भी अपील की।

..........................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत खुले में शौच से मुक्ति बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वह राज्य के सभी जिलों में गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत सुखद लगा कि गांव गांव, ढाणी ढाणी में शौचालय बने हैं। उन्होंने शहर और गांव में कचरा निस्तारण के लिए सभी को मिलकर प्रभावी व्यवस्था किए जाने का आह्वान किया। श्री

बागडे आज जयपुर में स्वच्छ भारत दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय "स्वच्छोत्सव" समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों के अधिकारियों–कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने स्वायत्त शासन की दो पुस्तकों का लोकार्पण किया और सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और नगरीय विकास विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

.........................

स्वयं सेवी संगठन– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष को स्मरण उत्सव के रूप में मना रहा है। आज ही के दिन 1925 में विजयादशमी पर संघ की स्थापना हुई थी। इस अवसर पर नागपुर के रेशमबाग में आरएसएस का शताब्दी वर्ष समारोह और विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आत्म निर्भर बनने और वैश्विक एकता के पक्षधर होने के नाते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्भरता हमारी विवशता नहीं है और हम अपनी इच्छानुसार कार्य करने में सक्षम हैं। स्वदेशी और स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं है।

.........................

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ– आरएसएस के राष्ट्र की समर्पित सेवा के 100 वर्ष पूरे होने पर उसकी सराहना की। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य लोगों की **निस्वार्थ सेवा करने के प्रति सेवा परमो धर्म की भावना** से प्रेरित रहे हैं। प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से विजयादशमी उत्सव मनाया गया और विभिन्न स्थानों पर पथ संचलन निकाले गये। जयपुर में कई जगहों पर उत्सव आयोजित हुए। दुर्गापुरा में आयोजित विजय दशमी उत्सव को सम्बोधित करते हुए आरएसएस के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने संघ की सौ वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए देश की आंतरिक चुनौतियों से सावधान रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। भरतपुर में आरएसएस की ओर से शहर के मुख्य मार्गों से पथ संचलन निकाला गया और शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

.........................

देशभर में आज विजयादशमी का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर दशहरा के मेलों के आयोजन को देखते हुए सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किये गये है।

राजधानी जयपुर में जगह–जगह होने वाले रावण दहन को देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। कोटा के दशहरा मैदान में प्रदेश के सबसे बडे 215 फीट के रावण का दहन किया जायेगा। रावण दहन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। सवाईमाधोपुर में आज शाम दशहरे मेले के दौरान कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें देशभर के ख्यातनाम कवि शामिल होंगे। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हुई दुर्गा पूजा महोत्सव का आज समापन हो गया। सीकर में जुलूस के रूप में दुर्गा प्रतिमाओं का सरोवरों में विसर्जन किया गया।

...........................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चेतावनी दी कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का ऐसा निर्णायक जवाब दिया जाएगा जिससे इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएँगे। श्री सिंह ने भुज में सेनाओं के क्षमता अभ्यास में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने विजयादशमी के उपलक्ष में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि देश की सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

...........................

प्रदेश में मानसून की विदाई के बाद भी बारिश का दौर बना हुआ है। सिरोही और पाली में आज बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज राज्य के 24 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र के अनुसार तीन और 4 अक्टूबर को बारिश की गतिविधि में थोडी कमी आएगी, लेकिन 5 से 7 अक्टूबर तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के विभिन्न भागों में तेज बारिश के आसार हैं। पिछले दो दिन से हो रही बारिश से दिन और रात के तापमान में भी गिरावट आई है।

...........................